सार-समाचार

जाखड़ी में स्नेह मिलन समारोह हुआ

रानीवाड़ा, (नि.सं.)। क्षत्रिय युवक संघ प्रांत रानीवाड़ा की ओर से आगामी उच्च प्रशिक्षण शिविर उदयपुर की तैयारियों को लेकर व्हाइट हाउस, जाखड़ी में स्नेह मिलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संघ के वरिष्ठ स्वयंसेवकों और पदाधिकारियों ने संगठन की भावी दिशा पर गहन चिंतन किया। संभाग प्रमुख अर्जुन सिंह देलदरी और वरिष्ठ स्वयंसेवक नाहर सिंह जाखड़ी के सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रांत प्रमुख प्रवीण सिंह सुरावा ने संघ की शाखाओं, संघशक्ति, पथ प्रेरक सदस्यता और शिविर की तैयारियों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। उन्होंने नए योग्य स्वयंसेवकों से संवाद कर उच्च प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि अगले माह प्रांत की प्रत्येक शाखा में अधिकतम संख्या दिवस मनाया जाएगा, जिसमें स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर संगठन की मजबूती के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश तय किए जाएंगे। कार्यक्रम में उपस्थित स्वयंसेवकों ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया। संघ की शाखाओं में गतिविधियों को और व्यवस्थित करने तथा युवा पीढ़ी को संगठन से जोड़ने पर विशेष ध्यान दिया गया। इस अवसर पर फुलसिंह, रेवन्तसिंह, रेवन्तसिंह, भगवतसिंह जाखड़ी, गणपतसिंह पुर, गणपतसिंह, भीखसिंह रतनपुर, समुद्र सिंह, गजेंद्र सिंह जाविया, देरावरसिंह उचमत, भगवानसिंह सांगड़वा, भरतसिंह सेवाड़ा, वीरमसिंह, सुखपालसिंह सुरावा, रघुवीरसिंह, जसवन्तसिंह तेजावास, भरतसिंह मेड़क, गोविन्द सिंह भाटवास, विजयसिंह डुंगरी आदि स्वयंसेवकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। आयोजन ने संगठन के मूल्यों को मजबूत करने के साथ-साथ स्वयंसेवकों के उत्साह को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

यादे माता की वर्षगांठ की तैयारी पूरी

पाली, (नि.सं.)। सूरजपोल स्थित श्री श्रीयादे माता मंदिर पर तृतीय वर्षगांठ 2 व 3 मई 2025 को सफल बनाने को लेकर प्रजापत समाज द्वारा चर्चा की गई। जिसमें मीडिया प्रभारी मुकेश हाटवा ने बताया कि 2 मई 2025 को दोपहर को महिला सत्संग होगा। उसके बाद शाम को श्री श्रीयादे माता की भजन संध्या होगी। अध्यक्ष भंवरलाल चंदवाड़िया ने बताया कि श्रीयादे मन्दिर प्रजापत समाज द्वारा वर्ष 2026 में वर्षगांठ पर निःशुल्क 15 जोड़ो का प्रथम सामूहिक विवाह सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया, जिसकी बोलियां लगाई जाएगी। इसी क्रम में आगे फतेहराज नगरीया ने बताया कि 3 मई 2025 को सुबह हवन व महाआरती के बाद भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जो श्रीयादे मन्दिर सूरजपोल से प्रारम्भ होकर शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए इंद्रा कॉलोनी स्थित प्रजापति छात्रावास पहुंचेगी। जहां सभी भामाशाहों का सम्मान किया जाएगा। इस अवसर पर सचिव दिनेश वरादना, मदन कुण्डलवाल, बाबूलाल कुण्डलवाल, खीमाराम लूणिया, रामचन्द्र चंदवाड़िया, सोनाराम, नारायणलाल उतवन, जसराज, भुण्डाराम, गणपतलाल, ढलाराम, अनंताराम, कमलेश, हरिराम, भंवरलाल उटेलिया, राजूराम व प्रजापत समाज पाली सहित सभी पाली चौताला के समाज बन्धु ने वर्षगांठ सफल बनाने का निर्णय लिया।

बाल विवाह के दुष्परिणाम बताए

पाली, (नि.सं.)। महिला अधिकारिता विभाग ने सोमवार को विभाग द्वारा संचालित पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केन्द्र से केन्द्र प्रबंधक प्रियंका व्यास ने उपस्थित महिला एवं बालिकाओं को बाल विवाह एक सामाजिक बुराई है, बाल विवाह के दुष्परिणामों की जानकारी दी गई।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से मांगीलाल तंवर ने नॉलसा हेल्प लाइन नम्बर 15100, बाल विवाह के कारण, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 आदि की जानकारी, साथ ही शपथ भी दिलवाई गई। उन्होंने बताया कि विवाह की आयु 18 वर्ष एवं लड़के की आयु 21 वर्ष निर्धारित है एवं बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने चाइल्ड हेल्प लाइन नम्बर साझा किए पेम्प्लेंट वितरित किए गए। आंगनबाड़ी केंद्र 1 कार्यकर्ता बिंदु पांडे सहायिका चंपा देवी आशा ऊर्मिला, सुमन, 65 लोग मौजूद रहे।

तरुणोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

जोधपुर, (नि.सं.)। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्र. 2 (वायु सेना) जोधपुर में इस वर्ष कक्षा दसवीं की परीक्षा में शामिल हो चुके विद्यार्थियों के लिए तरुणोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत विद्यालय के शिक्षक श्री हेमंत माहेश्वरी ने बच्चों को बेहतर भविष्य निर्माण के लिए मार्गदर्शन दिया कि परीक्षा परिणाम के बाद विषयों और संकायों का चयन किस प्रकार किया जा सकता है, साथ ही विज्ञान, वाणिज्य और कला संकाय में बच्चों को जिन विषयों को पढ़ना है उनके बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संकाय का चयन अपनी रुचि से करें, न कि दबाव में आकर अरुचिकर संकाय का चयन करें। उप प्राचार्य ओमप्रकाश जांगिड़ ने बच्चों को सभी संकाय की चुनौतियों व कठिनाइयों के बारे में जानकारी दी। प्राचार्य गजेंद्र जोशी ने बच्चों को कला, वाणिज्य व विज्ञान संकाय में भविष्य में करियर के बारे में जानकारी दी।

लोगों की परिवेदनाओं का त्वरित निस्तारण करें : डॉ. गावंडे

जालोर, (कासं)। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में साप्ताहिक समीक्षा बैङ्क संपन्न हुई।

बैठक के दौरान जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने संपर्क पोर्टल पर प्राप्त हुए प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को संपर्क पोर्टल पर प्राप्त आमजन की परिवेदनाओं का त्वरित रूप से निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी प्राप्त परिवेदनाओं का निस्तारण न्यूनतम समय में गुणवत्तापूर्ण समाधान करते हुए परिवादियों को राहत प्रदान करें। जिला कलैक्टर ने जिले में राज्य सरकार के निर्देशानुसार माह के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय गुरुवार को आयोजित होने वाली त्रिस्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि विभागीय अधिकारी जनसुनवाई के दौरान जिले के नागरिकों की परिवेदनाओं का गुणवत्तापूर्ण समाधान करें। उन्होंने अधिकारियों को समस्याओं के संतुष्टिपूर्वक समाधान करने के उपरांत परिवादियों से बातचीत कर उनसे फीडबैक लेने की बात कही। जिला कलेक्टर ने समस्त विभागीय अधिकारियों को राजकाज के माध्यम से ई-फाइल निस्तारण समयबद्ध रूप से करने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने ग्रीष्म ऋतु में जिले में हीट वेव की स्थिति को देखते हुए पेयजल, डिस्कॉम एवं मेडिकल विभाग के अधिकारियों को हीट वेव्स से निपटने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगरीय निकायों के अधिकारियों को सार्वजनिक स्थानों, बस स्टैंड, बाजारों में आमजन के लिए पर्याप्त छाया, पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलैक्टर राजेश मेवाड़ा, डिस्कॉम के अधीक्षण अभियंता धर्मेंद्र प्रजापति, मुख्य जिला शिक्षाधिकारी गंगा कलावंत, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता रमेश सिंघारिया सहित कई जने उपस्थित रहे।



जालोर के कोतवाली पुलिस थाना का निरीक्षण डॉ.प्रदीप के .गावंडे ने किया। फोटो-राष्ट्रदूत

थाना कोतवाली का निरीक्षण किया

जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने सोमवार को सायंकाल पुलिस थाना कोतवाली का निरीक्षण कर व्यवस्थाएँ देखी।

जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे के पुलिस थाना कोतवाली पहुँचने पर पुलिसकर्मियों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

जिला कलैक्टर ने पुलिस थाना में स्वागत कक्ष, मालखाना, मैस, कार्यालय रेकर्ड सहित आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस थाने में बंदी गृह व साफ-सफाई व्यवस्था का अवलोकन कर आवश्यक निर्देश दिए।

अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर प्रवीण कुमार पुत्र ओमप्रकाश माली निवासी राव कॉलोनी जालोर ने जिला कलैक्टर को ज्ञापन सौंपकर कलैक्ट्रेट के पास धरना शुरु किया। फोटो-राष्ट्रदूत

'लू-ताप व हीट वेव से बचें'

जालोर, (कासं)। आपदा प्रबंधन सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग द्वारा ग्रीष्म ऋतु में लू-ताप गर्मी, तापमान बढ़ने, ताप की लहर, हीट वेव एवं अन्य विपरीत जलवायु परिवर्तन से आमजन के बचाव एवं राहत के लिए ''क्या करें व क्या ना करें'' के संबंध में एडवाईजरी जारी की गई हैं।

अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश मेवाड़ा ने बताया कि आपदा प्रबंधन सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग द्वारा गर्मी व ताप की लहर को देखते हुए ''क्या करें व क्या ना करें'' के संबंध में एडवाईजरी जारी की गई है। स्थानीय मौसम संबंधित खबरों के लिए टीवी देखें व रेडियो सुने तथा समाचार पत्र पढ़े या संबंधित मोबाईल एप डाउनलोड करें। पर्याप्त पानी पीयें तथा अपने आपको हाइट्रेटेड रखने के लिए ओआरएस (ओरल रिहाइट्रेशन सॉल्यूसन), घर के बने पेय जैसे लस्सी, तोरानी (चावल का मांड) निंबू का पानी व छाछ आदि का सेवन करें। हल्के रंग के ढीले व सूती कपड़े पहनें। यदि कही बाहर हैं तो अपना सिर ढके, कपड़े, टोपी या छतरी का उपयोग करें। आंखों की सुरक्षा के लिए धूप के चश्म का प्रयोग करें और त्वचा की सुरक्षा के लिए सनक्रीन लगाए व प्राथमिक चिकित्सा में प्रशिक्षण लें। नियोक्ता श्रमिकों के लिए कार्यस्थल पर ठंडे पेयजल का प्रबंध करें, सभी श्रमिकों के लिए आराम के लिए छाया, साफ पानी, छाछ, आइस पैक के साथ प्राथमिक चिकित्सा किट और ओआरएस (ओरल रिहाइट्रेशन सॉल्यूसन) का प्रबंध रखें। श्रमिकों के लिए सीधी धूप से बचने के लिए कहे तथा श्रमसाध्य कार्यों को दिन के कम ताप वाले समय में ही करें।

जोराराम कुमावत दो दिन दौरे पर रहेंगे

पाली, (नि.सं.)। पशुपालन, गोपालय, डेयरी एवं देवस्थान कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत पाली जिले की दो दिवसीय यात्रा के तहत सुमेरपुर व पाली दौरे पर रहेंगे।

कैबिनेट मंत्री मंगलवार को प्रातः 9 बजे से विधायक कार्यालय सुमेरपुर में जनसुनवाई करेंगे तथा प्रातः 10:30 बजे सुमेरपुर से रवाना होकर 11 बजे तखतगढ़ पहुंचेगे जहां वे श्री चामुण्डा माताजी मंदिर में मेला प्रसादी कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके पश्चात वे दोपहर 1:30 बजे सुमेरपहुर पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे तथा रात्रि विश्राम पाली में करेंगे। वे 30 अप्रेल को प्रातः 9 बजे पाली से रवाना होकर प्रातः 10:30 बजे बिलाड़ा पहुंचेगे जहां वे कुमावत सामुहिक विवाह सम्मेलन में भाग लेंगे। वे 11:30 बजे बिलाडा से प्रस्थान कर दोपहर 12 बजे सोजत पहुंचेगे जहां वे कुमावत सामुहिक विवाह सम्मेलन में भाग लेंगे। वे दोपहर 1:30 बजे सोजत से जालोर के लिए रवाना होंगे।

सार-समाचार

सामूहिक विवाह समारोह की तैयारी जारी

जालोर, (कासं)। आगामी 30 अप्रैल अक्षय तृतीया को श्रीयादे सेवा संस्थान जालोर के तत्वावधान में आयोजित होने वाले मारू प्रजापत समाज के बारहवें सामूहिक विवाह की तैयारी पूर्ण कर ली गई है। संस्थान सचिव किशोर देवडा ने बताया कि प्रजापत छात्रावास में नरपत लाल आर्य की अध्यक्षता में आयोजित श्रीयादे सेवा संस्थान की बैठक में सामूहिक विवाह संबंधी सभी व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा कर कमेटियों का गठन किया गया। जिसके तहत चवरी मंडप व तोरण की व्यवस्था फुलाराम सियोटा, मनोज देवडा, गोकुल देवडा व सुरेश पोनेचा को, पंचों के जाजम की व्यवस्था चंपालाल देवडा, सुरेश बडवाल और शांतिलाल सियोटा को, रोकड सहयोग एकत्रित करने की व्यवस्था बाबूलाल परमार, लबाराम आर्य, कन्हैयालाल मेवाडा, शंकर देवडा व महेंद्र राङ्गौड को, मंच संचालन की व्यवस्था नरपत आर्य व ओमप्रकाश आर्य को, जल व चाय व्यवस्था भगवान राम बडवाल, विक्रम कुमार देवडा, पुखराज टांक को, कन्यादान सामग्री वितरण व्यवस्था शांतिलाल पोनेचा, श्याम देवडा, महेंद्र मेवाडा व नरेंद्र सियोटा को, महिला भोजन की व्यवस्था किशोर देवडा डायाराम बडवाल, उत्तम देवडा व वचनाराम को, पुरुष भोजन व्यवस्था ललित देवडा, मदनलाल मेवाडा, मोहन सियोटा, अमृत चांदोरा व मुकेश देवडा को तथा मीडिया कवरेज व्यवस्था की जिम्मेदारी हितेश प्रजापत को दी गई। बैङ्गक में उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा अपनी-अपनी जिम्मेदारी निष्ठा के साथ निभाने की बात कही। साथ ही विवाह आयोजन स्थल चामुंडा गार्डन में टेंट व चवरी मंडप पूरी तरह से तैयार हो चुके हैं।सहयोगियों द्वारा दिए जाने वाले कन्यादान सामग्री भी एकत्रित की जा रही है। बैठक में संस्थान के सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

आदर्श मंदिर प्राथमिक का परिणाम जारी

जालोर, (कासं)। आदर्श विद्या मंदिर प्राथमिक सूरजपोल के अंदर जालौर विद्या मंदिर के कक्षा अरुंण से चतुर्थी तक के भैया/बहिनों का परीक्षा परिणाम सोमवार को जारी किया गया। इस कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में विद्या मंदिर के संरक्षक नरेंद्र कुमार राजपुरोहित अध्यापक राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय गोडीजी जालौर), जमना मेघवाल (सहकारिता निरीक्षक, जालौर), अर्चना गहलोत (प्रधानाचार्य राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय गोडीजी जालौर), प्रेमसिंह राठौड(विद्या भारती जिला उपाध्यक्ष जालौर), नितिन ठाकुर (प्रधानाचार्य आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक जालौर), दिनेश कुमार बारोठ पार्षद जालौर), विद्यालय कोषाध्यक्ष ज्ञानेश त्रिपाठी व अभिभावक, माताऐ उपस्थित रहें। विद्यालय स्तर पर अंकों के आधार पर कक्षा द्वितीया की बहिन लक्ष्यवर्धनी राठौड पुत्री विरेंद्रसिंह राठौड ने 97.24 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अर्चना की प्रेरणा से भामाशाह नरेंद्र कुमार राजपुरोहित द्वारा कक्षा प्रथम से चतुर्थी तक प्रथम स्थान प्राप्त करने वालों को 2100, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वालों को 1100 व तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को 500 की राशि व अन्य भैया/बहिनों को पानी की बोतल उपहार स्वरूप देने की घोषणा की गयी। विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती गायत्री देवी द्वारा पधारे गए अतिथिगणों एवं भामाशाह का आभार व्यक्त किया गया।

समर्थन मुल्य पर सरसों खरीद प्रारंभ

सायला, (निसं)। सायला उपखण्ड मुख्यालय पर स्थित कृषि मंडी में जालोर को-ऑपरेटिव मार्केटिंग सोसायटी लि. की रबी फसल 2025-26 की सरसों व चना की समर्थन मूल्य पर खरीद सोमवार से प्रारंभ हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार जालोर को-ऑपरेटिव मार्केटिंग सोसायटी के प्रधान व्यवस्थापक नरेन्द्र चौधरी ने बताया कि सोसायटी द्वारा राजफेड की रबी 2025-26 की सरसों व चना खरीद प्रारंभ हो गई है। जिसमें गिरदावरी के आधार पर ई-मित्र से पंजीयन करवाने पर एक किसान की अधिकतम 40 क्विंटल सरसों जिंस की 5950 रूपये के भाव से तुलाई संस्था के दोनों खरीद केंद्र जालोर एवं सायला मण्डी प्रांगण में की जा रही है। खरीद केन्द्र प्रभारी हितेश ढाका ने बताया कि क्षेत्र के किसान अपनी सरसों निर्धारित मानकों के अनुसार साफ-सफाई करके लावें। इस दौरान मंगलसिंह तुरा, नाथुसिंह तीखी, छगनलाल सुथार, उतम गर्ग, फुलसिंह, राणसिंह, शैतानसिंह, प्रकाश सुथार, मंगलगिरी, घेवाराम, विष्णुप्रकाश सोलंकी एवं मुकेश कुमार उपस्थित रहे।

सोलंकी चुनाव अधिकारी बने

जालोर, (कासं)।माली समाज ठाकुर द्वारा पांच पट्टी सेवा संस्थान जालोर के चुनावों को लेकर चुनाव अधिकारी व सहचुनाव अधिकारी नियुक्त किए गए। संस्थान महामंत्री गणपतलाल सोलंकी ने बताया कि संस्थान के चुनावों को लेकर 20 अप्रैल को हुई आमसभा में 2 मई को चुनाव आयोजित करना तय किया। बैठक में चुनाव अधिकारी व चुनाव सह अधिकारी तय करने के लिए अध्यक्ष जेठाराम गहलोत व कार्यकारिणी को जिम्मेदारी दी गई थी जिस पर अध्यक्ष जेठाराम गहलोत ने चुनाव अधिकारी सुरेश सोलंकी व सहचुनाव अधिकारी दिनेश महावर की नियुक्ति की। अध्यक्ष जेठाराम गहलोत ने चुनाव अधिकारी व सह चुनाव अधिकारी को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव करवाने को कहा।

सुन्देलाव के कार्यों का शिलान्यास आज

जालोर, (कासं)। केन्द्र सरकार द्वारा संचालित अमृत 2.0 अभियान के तहत सुन्देलाव तालाब स्थल पर 1.96 करोड़ की लागत से तालाब के सौन्दर्यकरण व विकास कार्यों का शिलान्यास कार्यक्रम राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग की उपस्थिति में 29 अप्रेल, मंगलवार को आयोजित किया जायेगा। यह जानकारी नगर परिषद के अधिशासी अभियंता दिलीप माथुर ने दी।

जालोर स्वर्णिम और गौरवशाली इतिहास का केंद्र रहा : राजवीर चलकोई

जालोर, (कासं)। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, संस्कृति शोध परिषद जालोर एवं इतिहास संकलन समिति के तत्वावधान में जालौर के ऐतिहासिक युद्ध की 714 वीं वर्षगांठ के अवसर पर रविवार रात को शहर के भगत सिंह स्टेडियम में जस जालौर रो इतिहास गाथा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने जालोर के इतिहास का विस्तार से वर्णन करते हुए जालोर के इतिहास के विभिन्न स्वर्णिम पृष्ठों का उल्लेख किया। साथ ही इतिहास के सुदृढ नींव पर सुनहरे भविष्य की ओर बढने का संकल्प दिलाया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता जाने माने शिक्षक एवं इतिहासविद राजवीर चलकोई ने कहा कि जालोर का इतिहास अत्यंत गौरवशाली रहा है और इस सुदृढ ऐतिहासिक नींव पर हम सभी को मिलकर जालोर के सुनहरे भविष्य का निर्माण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से जालौर ने सदैव अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया है। उन्होंने इतिहास की विभिन्न घटनाओं का क्रमश विस्तार से वर्णन करते हुए जालौर की धरती के वीरों के पराक्रम और बलिदान की विस्तृत श्रृंखला का स्मरण करवाया। जालौर के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए हुए विस्तार से जालौर पराक्रम पर्व की विभिन्न घटनाओं का उल्लेख किया। महर्षि जाबाली, महाराजा कान्हडदेव, वीरांगना हीरा दे, वीर वीरमदेव, मुथा सोमदत्त व्यास, एलाना से प्राप्त सिंधु सभ्यता के अवशेष, भीनमाल सिरोही सांचौर के पराक्रम के विभिन्न घटनाक्रमों, कुवलयमाला, संत राजेंद्र सूरी महाराज आदि के जीवन प्रसंगों का उल्लेख करते हुए उनसे प्रेरणा लेने का आव्हान किया।

इससे पूर्व कार्यक्रम की भूमिका रखते हुए पाथेय कण के सह प्रबंध संपादक एवं विचारक श्याम सिंह ने कहा कि जिन सांस्कृतिक और राष्ट्रीय मूल्यों को लेकर जालौर की धरती पर अनेक बलिदानियों ने अपना बलिदान दिया है, उन सांस्कृतिक और राष्ट्रीय मूल्यों को सदैव अपने हृदय में संजो कर रखें उन्हें कभी विस्मृत नहीं होने दें, उनकी ऐतिहासिक विरासत की सार संभाल एवं सुरक्षा बनी रहे, यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने युग धर्म की चर्चा करते हुए कहा कि जालोर की उभरती नई पीढी शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक रूप से मजबूत करने की आवश्यकता है। उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले की पृष्ठभूमि में व्याख्यान देते हुए बताया कि इतिहास से प्रेरणा लेकर वर्तमान में देश और समाज के सामने उपस्थित चुनौतियां और खतरों की ओर सदैव जागरूक और सचेत रहना चाहिए इतिहास में स्थान हमेशा शक्तिशाली लोग ही रखते हैं। इसलिए जालौर को जालौर के युवाओं को शारीरिक और मानसिक दोनों से मजबूत होना अति आवश्यक है और इसी अनुरूप विभिन्न गतिविधियों का संचालन करना नगर की सामूहिक जिम्मेदारी है।

विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक संजीव कुमार ने वर्तमान समय में इतिहास अध्ययन की प्रासंगिकता पर चर्चा करते हुए इतिहास की भूलों से सीखने एवं इतिहास की यश गाथाओं से प्रेरणा लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक दृष्टि से इतिहास अध्ययन का व्यापक महत्व है क्योंकि यह मानव मस्तिष्क एवं आचरण को सुसंस्कृत बनाने का प्रमुख एवं प्रभावपूर्ण साधन है। इस अवसर पर भेरुनाथ अखाडे के योगी ईश्वनाथ महाराज का सानिध्य रहा। कार्यक्रम की शुरुआत जाबाली ऋषि, माता हीरा दे और वीर कान्हड देव की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर एवं माँ शारदे की वंदना के की गई। वहीं अचलेश्वर आनंद ने जय जालोर का काव्यपाठ किया। अंत में कार्यक्रम संयोजक संदीप जोशी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिनके पराक्रम और बलिदान से जालौर इतिहास में जालौर बना रहा उन पूर्वजों के प्रति सदैव कृतज्ञ रहना हम सभी का सामूहिक उत्तरदायित्व हैं। उन्होंने सभी से अपने घरों में जालौर के गौरवशाली इतिहास के नायकों के चित्र लगाने एवं उनकी यश गाथा नई पीढी तक पहुंचने का आव्हान किया। जालौर के इतिहास के विभिन्न गौरवशाली घटनाक्रमों को प्रकाश में लाने के लिए इतिहास विद राजवीर चक्लोई सहित सभी वक्ताओं का आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप बिदावत एवं प्रवीण मकवाना में किया किया।

जालोर शहर में ऐसा अदभूत कार्यक्रम पहली बार हुआ। जिसको लेकर हर वर्ग के लोगों में उत्साह देखा गया। लगभग 2 घंटे तक चले इतिहास गाथा के इस धारा प्रभाव कार्यक्रम में श्रोतागण पूरे समय मंत्र मुक्त होकर बैठे रहे। कार्यक्रम समाप्ति के बाद सब में चर्चा का यही विषय था कि जालौर के इतने गौरवशाली इतिहास के बारे में जानने का पहली बार अवसर मिला है। सभी ने इसके लिए शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास और संस्कृति शोध परिषद का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम समाप्ति के बाद मुख्य वक्ता राजवीर चलकोई के साथ सेल्फी लेने के लिए युवाओं और महिलाओं में भारी क्रेज देखा गया। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले विद्यार्थी भी बडी संख्या में कार्यक्रम में सहभागी हुए। जस जालोर रो इतिहास गाथा में बडी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही। जालौर नगर के साथ-साथ सिरोही सांचौर भीनमाल आहोर सायला जोधपुर पाली से भी बडी संख्या में इतिहास प्रेमी कार्यक्रम में सहभागी हुए।

इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग कार्यवाह दिनेश कुमार, जिला कार्यवाह शेखर , वरिष्ठ अधिवक्ता मधुसूदन व्यास, कॉलेज प्राचार्य अर्जुन सिंह उज्जवल, उपन्यासकार पुरुषोत्तम पोमल, जिला संघ चालक एवं पूर्व संयुक्त निदेशक श्याम सुंदर सोलंकी, जगदीश सोनी, लाल सिंह राजपुरोहित , अश्विन राजपुरोहित, जितेंद्र जालोरी कल्पेश बोहरा शांतिलाल दवे, किशोर सिंह राजपुरोहित, संजय राठौर, मुकेश सुंदेशा, दीप सिंह दुदवा, कृष्णपाल सिंह राखी, केएन भाटी, तेन सिंह परमार, अजय गुप्ता, अंबालाल व्यास, ठाकराराम, प्रकाश परमार , सुरेश सोलंकी, ललित दवे , सुरेंद्र नाग, किशनाराम राम पटेल, कल्याण सिंह, रंजीत दवे विनोद कुट्टी नीलम पवार, खम्मा प्रजापत, जगदीश प्रसाद , हरीश राणावत ,चुनाराम बोराना भगीरथ गर्ग, परमानंद भट्ट, नारायण लाल भट्ट, पिंकी राजपुरोहित, दयावती चारण, इंदु दवे, अर्चना गहलोत शैतान सिंह राजपुरोहित, रूपेंद्र सिंह एवं हीनल व्यास समेत बड़ी संख्या में जालोर शहर के स्त्री-पुरुष उपस्थित रहे।

जालोर शहर के भगतसिंह स्टेडियम में जस जालोर रो इतिहासगाथा कार्यक्रम को राजवीर चलकोई ने सम्बोधित किया। फोटो-राष्ट्रदूत

कार्यों की समीक्षा की

पाली,(नि.सं.)। जिला कलैक्टर एलएन मंत्री की अध्यक्षता में सोमवार को जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला कलक्टर मंत्री ने पाली जिले में सरकार की महत्वाकांक्षी ''जल शक्ति अभियान'' के उद्देश्यों व क्रियान्वयन पर विशेष जोर देते हुए जल संरक्षण और जल सुरक्षा को सुनिश्चित करना बताया है। साथ ही उन्होंने जेएसए-सीटीआर पोर्टल, मॉडल जल शक्ति केन्द्र पर विजिट, भूखण्ड आवंटन, बजट आवंटन, चिकित्सा, जलदाय, कृषि, पशुपालन आदि विभागों की महत्वपूर्ण फलैगशिप योजनाओं की जानकारी, हीटवेव के बारे में तैयारी की जानकारी लेकर निर्देश दिये।

उन्होंने बजट घोषणाओं व भूखण्ड आवंटन की विभागवार जानकारी ली साथ ही ठीष्म ऋतु में हीटवेब, लू व तापघात से बचाव के लिए की तैयारीयों की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग से कनेक्शन व विधुत आपूर्ति की जानकारी व गर्मी के मौसम में पेयजल के बारे में जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने चिकित्सा विभाग को ठीष्म ऋतु के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सम्पर्क पोर्टल पर प्रकरणों के निस्तारण, बांगड चिकित्सालय की व्यवस्थाओं, जल संसाधन, मनरेगा कामों, सहकरिता विभाग, बागवानी, कृषि उपज मंडी, डेयरी विभाग व पशुपालन विभाग के कामों और प्रगति की जानकारी लेकर निर्देश दिये।

अतिक्रमण हटाए

पाली , (नि.सं.)। सरकारी जमीनों पर लोगों द्वारा कैबिने लगा कर अतिक्रमण को हटाने के लिए नगर परिषद आयुक्त नवीन भारद्वाज के निर्देश पर शहर के बांगड़ अस्पताल के दोनों साइड लगी हुई अतिक्रमण करती हुई कैबिने दुकाने को सोमवार को नगर परिषद के अतिक्रमण दस्ते की टीम में पहुंचकर क्रेन जेसीबी की मदद से कैबिने हटवाई। 6 ट्रैक्टरों में भरकर यहां से ले गए, इस दौरान केबिन मालिकों और नगर परिषद के कर्मचारियों के बीच बहस भी हुई। इन्होंने वर्षों से सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर रखा था। इस अवसर पर नगर परिषद के अधिकारी वह टीम के बादल सिंह मेड़तिया और कर्मचारी मौजूद थे।

न्यायालयः- जिला न्यायाधीश जालोर (राज.)
बइजलासः-श्री हारुन आर.जे.एस.(जिला जज संवर्ग)
दी.वि. प्रकरण संख्या :- 10/2025
तारिख पेशी :- 01.07.2025
रमेशकुमार पुत्र मंछाराम परमार उम्र 33वर्ष, जाति घांची, निवासी बिठुडा तहसील आहोर जिला जालोर 7975472895
..... प्रार्थी
बनाम
01. कमला बाई पत्नी मंछाराम परमार
02. संजू पुत्र मंछाराम परमार
03. मौसमी पत्नी प्रतापाराम पुत्री मंछाराम
04. गोपाल कुमार पुत्र मंछाराम परमार निवासीगण बिठुडा तहसील अहोर
05. हर आम व खास।
..... अप्रार्थी
प्रार्थना - पत्र अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकारी अधिनियम
हर आम व खास को जरिए नोटिस सूचित किया जाता हैं कि प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन किया की प्रार्थी के पिता स्व. मंछाराम जाति घांची निवासी बिठुडा तहसील आहोर, जिला जालोर के नाम से राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक शाखा चांदराई मे एक लॉकर संख्या 20 में जमा रखी आस्तीयों एव प्रतिभूतियों को प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकारी रमेश कुमार वारिसान होने से प्रार्थी रमेशकुमार के नाम से उत्तराधिकार प्रमाण प्रत्र जारी करने का प्रार्थना पत्र पेश किया। अतः इस संबध मे जिस किसी व्यक्ति को उज्र / ऐतराज हो तो असालतन / वकालतन न्यायालय में आगामी तारीख पेशी 01.07.2025 को पेश करे , अन्यथा नियमानुसार आदेश पारित किया जाएगा । नोटिस आज दिनांक 28.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा सहित जारी किया गया।
मोहर
वरिष्ठ म